कोई सुबह ना हो ऐसी कोई ऐसी शाम ना हो भजन लिरिक्स

कोई सुबह ना हो ऐसी,
कोई ऐसी शाम ना हो,
होंठों पे श्याम मेरे,
जब तेरा नाम ना हो,
कोई सुबह ना हो ऐसी,
कोई ऐसी शाम ना हो।bd।

उस रास्ते से मेरा,
क्या वास्ता कन्हैया,
जिस रास्ते पे ना हो,
तेरी कृपा की छैया,
क्यों जाऊं उस गली में,
जहाँ तेरा धाम ना हो,
कोई सुबह ना हो ऐसी,
कोई ऐसी शाम ना हो।bd।

मैं तेरी शरण में हूँ तो,
कीमत है लाख मेरी,
तू हाथ छोड़ दे तो,
मैं राख की हूँ ढेरी,
तुझसे बिछड़ के मेरा,
दो कोड़ी दाम ना हो,
कोई सुबह ना हो ऐसी,
कोई ऐसी शाम ना हो।bd।

रहने दे मुझको प्यारे,
तेरे नाम के नशे में,
यूँ ही गुजर रहा है,
जीवन मेरा मजे में,
किसी दूसरे नशे का,
ये मन गुलाम ना हो,
कोई सुबह ना हो ऐसी,
कोई ऐसी शाम ना हो।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

कोई सुबह ना हो ऐसी,
कोई ऐसी शाम ना हो,
होंठों पे श्याम मेरे,
जब तेरा नाम ना हो,
कोई सुबह ना हो ऐसी,
कोई ऐसी शाम ना हो।bd।

Singer – Sandeep Bansal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com